सुखोई-30 विमान के दोनों पायलट बलिदान, जांच के आदेश

स्क्वाड्रन लीडर अनुज और फ्लाइट लेफ्टिनेंट पुरवेश थे विमान में, पुरवेश ने ऑपरेशन सिंदूर में भी लिया था हिस्सा

गुवाहाटी। असम के कार्बी आंगलोंग में बृहस्पतिवार शाम दुर्घटनाग्रस्त हुए वायुसेना के सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान के दोनों पायलट बलिदान हो गए। वायुसेना ने शुक्रवार को हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि स्क्वाड्रन लीडर अनुज और फ्लाइट लेफ्टिनेंट पुरवेश दुरागकर विमान उड़ा रहे थे।

स्क्वाड्रन लीडर अनुज, फ्लाइट लेफ्टिनेंट पुरवेश

पुरवेश दुरागकर ने पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर में भी अहम भूमिका निभाई थी। दुर्घटना के कारण का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश दिए हैं।

वायुसेना के अनुसार, लड़ाकू विमान बृहस्पतिवार शाम जोरहाट एयरबेस से नियमित प्रशिक्षण उड़ान पर निकला था, लेकिन कुछ ही समय बाद शाम 7:42 बजे विमान का संपर्क रडार और ग्राउंड कंट्रोल से टूट गया। बाद में, स्थानीय ग्रामीणों से पता चला कि लड़ाकू विमान असम के कार्बी आंगलोंग के पहाड़ी क्षेत्र में गिर गया है।

वायुसेना ने बताया कि विमान जोरहाट एयरबेस से करीब 60 किमी दूर दुर्घटनाग्रस्त हुआ। पहाड़ी और घने जंगलों वाले इलाके की वजह से विमान को तलाशने के लिए चलाए अभियान में काफी चुनौती आई। रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि शुक्रवार सुबह विमान का मलबा मिला। ब्यूरो

तीन साल में तीन सुखोई विमान गिरे

जून, 2024 में नासिक में सुखोई विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इससे पहले जनवरी, 2023 में ग्वालियर एयरबेस में टेक ऑफ करने के बाद एक और सुखोई-30 जेट क्रैश हो गया था। सुखोई दो सीटों वाला बहुउद्देश्यीय लड़ाकू विमान है, जिसे रूसी कंपनी सुखोई ने बनाया है।

महाराष्ट्र में किसानों का 2 लाख तक कर्ज माफ

मुंबई। महाराष्ट्र सरकार ने चुनावी वादा निभाते हुए किसानों के लिए पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर शेतकरी कर्जमाफी योजना का एलान किया है। इसके तहत सितंबर, 2025 तक पात्र किसानों का दो लाख तक का कर्ज माफ किया जाएगा। नियमित कर्ज चुकाने वाले किसानों को 50 हजार का प्रोत्साहन अनुदान मिलेगा।

मुख्यमंत्री व वित्त मंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को विधानसभा में बजट पेश करते हुए यह एलान किया। फडणवीस ने बजट दिवंगत अजीत पवार को समर्पित किया। उन्होंने अजीत पवार की याद में भव्य स्मारक बनाने और उनकी स्मृति में गतिमान नागरी सेवा पुरस्कार शुरू करने की घोषणा की। ब्यूरो

बिटकॉइन माइनिंग के दम पर मिसाइलें दाग रहा ईरान

युद्ध का दंश

संयुक्त हमलों व सख्त प्रतिबंधों के बावजूद ईरान क्रिप्टो करेंसी से विदेशों से मशीनरी व सैन्य उपकरणों की खरीद कर रहा, ट्रंप का इस पर नियंत्रण नहीं

एक साल में खातों से 3 अरब डॉलर से अधिक का लेनदेन

ब्लॉकचेन विश्लेषण कंपनी चेनालिसिस के अनुसार, 2025 में ईरान की क्रिप्टो प्रणाली करीब 7.78 अरब डॉलर तक पहुंच गई। प्रतिबंधों के बावजूद यह तेजी से बढ़ रही है। 2025 के अंत में इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर जुड़े खाते ईरान में आने वाले कुल क्रिप्टो फंड के आधे से ज्यादा हिस्से के लिए जिम्मेदार थे। एक ही साल में इन खातों में 3 अरब डॉलर से ज्यादा का लेनदेन हुआ। जेक पर्सी ने कहा कि यह आम लोगों का निवेश नहीं है। यह सरकार और सेना का वित्तीय ढांचा है। इस प्रणाली की खासियत यह है कि यह पब्लिक लेजर पर चलता है। हर बिटकॉइन लेनदेन हमेशा के लिए ब्लॉकचेन पर रिकॉर्ड हो जाता है यानी जिस तकनीक से प्रतिबंधों से बचा जा रहा है, वही एक नई तरह की खुफिया जानकारी भी पैदा कर रही है।

नई दिल्ली। अमेरिका-इस्राइल के संयुक्त हमलों और पश्चिमी देशों के सख्त प्रतिबंधों के चलते ईरान की करेंसी तेजी से गिर रही है। इसके बावजूद ईरान विदेशों से मशीनरी, ईंधन और सैन्य उपकरणों की खरीद के लिए भुगतान कर रहा है और इसके लिए ऐसे वित्तीय मार्ग का इस्तेमाल कर रहा है, जिसे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी नियंत्रित नहीं कर सकते हैं। वह रास्ता क्रिप्टो करेंसी का है। इसी के दम पर ईरान अमेरिका-इस्राइल समेत अन्य देशों पर मिसाइलें दाग रहा है।

इसका तरीका बेहद सरल है, बिटकॉइन माइनिंग करो और फिर उसी से भुगतान करो। क्रिप्टोकरेंसी माइनिंग वह प्रक्रिया है, जिसके जरिये ब्लॉकचेन नेटवर्क पर लेनदेन की पुष्टि की जाती है और नए डिजिटल कॉइन फिर लेनदेन के काम में लाए जाते हैं। अमेरिका के बिटकॉइन रणनीतिकार जेक पर्सी का कहना है कि ईरान 1,300 डॉलर की लागत में एक बिटकॉइन माइन कर सकता है, जबकि बाजार कीमत 73,000 डॉलर है। यानी हर सिक्के पर ईरान को 71,700 डॉलर का फायदा होता है। इसका इस्तेमाल वैश्विक बैंकिंग प्रणाली के बाहर किया जा सकता है। इस रणनीति से ईरान पर पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों की पूरी व्यवस्था में एक बड़ा लूपहोल तैयार हो गया है। एजेंसी

होर्मुज पर खतरा...भारत के व्यापार व ऊर्जा आपूर्ति पर मंडराया संकट

तेहरान/नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में ईरान, इस्राइल और अमेरिका के बीच बढ़ते सैन्य तनाव ने वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति की सबसे महत्वपूर्ण समुद्री जीवनरेखा स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को जोखिम में डाल दिया है। ऊर्जा बाजार विश्लेषकों और इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी (आईईए) के आकलन के अनुसार, यदि संघर्ष लंबा खिंचता है या इस समुद्री मार्ग पर बाधा आती है, तो भारत की तेल और गैस आपूर्ति के साथ-साथ निर्यात व्यापार भी प्रभावित हो सकता है। इसी आशंका को देखते हुए भारत सरकार संभावित ऊर्जा और व्यापारिक संकट को लेकर सतर्क हो गई है।


स्ट्रेट ऑफ होर्मुज

यूएस एनर्जी इन्फॉर्मेशन एडमिनिस्ट्रेशन (ईआईए) के अनुसार फारस की खाड़ी से निकलने वाला अधिकांश तेल स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से होकर गुजरता है, जो दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा समुद्री मार्गों में से एक है। यह जलडमरूमध्य अपने सबसे संकरे हिस्से में लगभग 33 किमी चौड़ा है। भारत के संदर्भ में यह मार्ग और भी महत्वपूर्ण है क्योंकि देश अपनी कुल कच्चे तेल की जरूरत का लगभग 90 प्रतिशत आयात करता है। पेट्रोलियम प्लानिंग एंड एनालिसिस सेल के आंकड़ों के मुताबिक भारत प्रतिदिन करीब 25 से 27 लाख बैरल कच्चा तेल आयात करता है। इसका बड़ा हिस्सा इराक, सऊदी अरब, कुवैत और यूएई से आता है। यही जहाज होर्मुज मार्ग से होकर भारतीय बंदरगाहों तक पहुंचते हैं। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि तेल कीमतों में मामूली उतार-चढ़ाव भी भारत की अर्थव्यवस्था पर बड़ा प्रभाव डाल सकता है। - अमर उजाला नेटवर्क

भारतीय कंपनियों ने खरीद शुरू की

भारतीय रिफाइनरियों ने देश के बंदरगाहों के निकट मौजूद रूसी तेल के टैंकरों से खरीद शुरू कर दी है। अनुमान के अनुसार 1.5 करोड़ बैरल कच्चे रूसी तेल से लदे टैंकर अभी समुद्र में हैं। भारत ने अमेरिकी दबाव में रूसी तेल की खरीदारी कम कर दी थी। फरवरी में रूसी तेल का आयात 10.4 लाख बैरल प्रति दिन रह गया-जो नवंबर, 2022 के बाद सबसे कम है। अमेरिकी वित्त विभाग के मुताबिक, आदेश किसी अन्य कार्यकारी आदेश से निष्द्ध अन्य लेनदेन या गतिविधियों को अधिकृत नहीं करता, जिसमें ईरान, ईरान सरकार या ईरानी मूल के सामान या सेवाओं से जुड़ा लेनदेन शामिल है।

इस्राइली हमले में शिराज में 20 लोगों की मौत

इस्राइली सेना ने शुक्रवार सुबह भी ईरान की राजधानी तेहरान और लेबनान की राजधानी बेरूत में जोरदार हमले किए। लेबनान में हिजबुल्ला के वायु इकाई के तौर पर इस्तेमाल किए जा रहे केंद्र को उड़ा दिया।

■ तेहरान में दो इनडोर स्पोर्ट्स हॉल को निशाना बनाया गया। तेहरान विश्वविद्यालय के आसपास, शिराज, इस्फहान और मिसाइल ठिकानों वाले करमनशाह में भी रातभर बड़े विस्फोट हुए हैं। ■ शिराज के जीबाशहर में 20 लोगों की जान चली गई और 30 घायल हो गए।

ईरान बिना शर्त समर्पण करे : ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान से बातचीत की संभावना को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, ईरान के बिना शर्त आत्मसमर्पण करने पर ही समझौते पर कोई बातचीत होगी। ईरान के समर्पण के बाद स्वीकार्य नेता का चयन किया जाएगा। हम ईरान को पहले से अधिक बेहतर और मजबूत बनाएंगे।

नया नेता चुनने में भूमिका हो : ट्रंप ने कहा, ईरान के अगले नेता के चयन में हमारी भूमिका होनी चाहिए। खामनेई के बेटे मोजतबा खामनेई कट्टरपंथी और अप्रत्याशित विकल्प है, जो हमें मंजूर नहीं। हमें ऐसा व्यक्ति चाहिए, जो जनता व देश के लिए महान हो।

जानमाल का भारी नुकसान

ईरान : अब तक 1,250 लोगों की मौत। हजारों घायल। 3,643 नागरिक स्थलों को निशाना बनाया गया है।

लेबनान : 123 लोग मारे गए और 683 घायल।

इस्राइल : 11 की मौत। हजार से अधिक घायल।

अमेरिका : 6 अमेरिकी सैनिकों की भी मौत।

निशाने पर ईरान के बुनियादी ढांचे

अमेरिकी बी-2 स्टील्थ बमवर्षक ने ईरान में बैलिस्टिक मिसाइल के बेस पर 2,000 पाउंड के दर्जनों पेनिट्रेटर बम गिराए हैं। इस्राइल ने भी ईरान के ज्यादातर हवाई रक्षा तंत्र और मिसाइल लॉन्चर नष्ट करने का दावा किया है।

Celebration Benefits valid till 27th March 2026 on select Mahindra eSUVs

Celebration Benefits*	XEV 9e	BE 6
Special March Benefit	Up to ₹ 2.40 Lakh	Up to ₹ 2.00 Lakh
Corporate Benefit	Up to ₹ 25 000.00	Up to ₹ 20 000.00
Exchange/ Loyalty Benefit	Up to ₹ 30 000.00	Up to ₹ 30 000.00
Total Benefits*	Up to ₹ 2.95 Lakh	Up to ₹ 2.50 Lakh

*Terms & conditions apply. Offer valid for limited time and limited stock only. ^Depreciation benefits applicable for business owners only
Benefits may vary basis model or pack (variant) chosen by the customer. For detailed information, please connect with your nearest dealership.

KANPUR: V C MOTORS: ROOMA, KANPUR/ FATEHPUR/KANPUR DEHAT/FAZALGANJ / SWAROOP NAGARH: 7428048697. **SRI TIRUPATI AUTO:** JARIB CHOWKI, KANPUR/ SACHENDI /KANPUR DEHAT: 8587881714

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

निविदा संख्याः- FWP-TCover-Repair-165,
नियत तिथि : 24.03.2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य परियोजना प्रबंधक-III/एफडब्ल्यूपी, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली, लालगंज द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निविदा सूचना संख्या FWP-TCover-Repair-165 नियत तिथि 24.03.2026 जारी की जाती है। यह खुली ई-निविदा भारतीय रेलवे पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से प्रतिष्ठित फर्मों को आमंत्रित की जाती है। यह निविदा एकल पैकेट प्रणाली पर आधारित है। **क्रम सं.** : 1, **कार्य का नाम**: कार्य के दायरे के अनुसार RQQ-3, 4, 5, 6 और 7 मशीन (OP220.3, OP220.4, OP220.5, OP220.6, OP220.7) के टेलीस्कोपिक कवर की मरम्मत, **कार्य की अनुमानित लागत (₹ में)**: ₹ 8,17,150.00 (आठ लाख सत्तरह हजार एक सौ पचास मात्र) 18% जीएसटी सहित, **धरोहर राशि**: ₹16,400.00 (सोलह हजार चार सौ रुपये) मात्र, **निविदा प्रपत्र का मूल्य**: शून्य (अप्रैल 2022 जीसीसी के कार्य अनुबंध के पैरा-03 अनुसार)। **नोट**: ● **निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय-24.03.2026 को 15:30 बजे।** ● विस्तृत निविदा सूचना, टर्म्स एवं कंडीशन आदि की जानकारी भारतीय रेल के पोर्टल www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

कार्य प्रबंधक/परियोजना/एम एंड पी (एफडब्ल्यूपी)

ग्राहको की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना सं : DY.CPM-GSU-PRYJ-11-2026 दिनांक 06.03.2026

ई-निविदा सूचना

मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्यों के लिये ई-निविदाएं प्रपत्र पर दिनांक 30.03.2026 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। कार्यों का विवरण निम्न प्रकार हैः-

निविदा नं0 : GSU-11	अनुमानित मूल्य (रू0) : 188541994.78
कार्य का विवरण : कानपुर स्थित जीएमसी को एक सैटेलाइट स्टेशन के रूप में विकसित करने के मद्देनजर, जीएमसी में 4 द्वीपीय प्लेटफार्म और स्टेशन भवन का प्रावधान किया गया है।	
बयाने की रकम (रू0) : 1092700.00	कार्य समापन की अवधि : 12 Months

निविदा खुलने की तिथि : 30.03.2026

इलिजिबिलिटी क्राइटारिया के अन्तर्गत सिमिलर कार्य : Any civil engineering work.

नोटः 1. आन लाइन निविदा दिनांक 30.03.2026 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। 2. उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट www.ireps.gov.in पर समय : 15:00 बजे टेण्डर खुलने की तिथि 30.03.2026 तक उपलब्ध है। 515/26 (AS)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

बैद्यनाथ दिल्ली 1917 असली आयुर्वेद

Scan to buy

हर सांस में सुकून

AYURVEDIC MEDICINE
*SAFE FOR WOMEN AND CHILDREN

जुकामो ठंड और मौसम बदलने पर होने वाले जुकाम और सांस की परेशानी में उपयोगी

कासामृत गले की जलन, सूजन और आवाज बैठने में आराम पहुंचाने में मददगार

*Not to be used in children under 6 years of age (कृपया बच्चों से दूर रखें)

*See pack for more information

Rabbit Baidyanath / 19/2025

www.baidyanath.co.in 1800-102-8384 contact@baidyanath.co.in

नगर निगम चंडीगढ़
निविदा सूचना

क्र. सं.	कार्य का नाम	बोली प्रस्तुतिकरण अनुसूची (ऑनलाईन)	तकनीकी बोली खोलना (ऑनलाईन)
	अधिशासी अभियंता-रोड मंडल सं. 2		
1.	सेक्टर 46-ए, बी, सी व डी, चंडीगढ़ में बी-5 रोड पर मौजूदा पेवर ब्लॉक को तोड़ने के बाद पेवर ब्लॉक सिमेंट का पुनः निर्माण अनु. लागतः 94.87 लाख रुपये धरोहर राशि : 1,89,736/- रुपये समय सीमा : 06 माह	09.03.2026 से 16.03.2026 को दोप. 12.00 बजे तक	16.03.2026 को दोप. 12.00 बजे
2.	चंडीगढ़ में टर्शरी ट्रीटिड जलापूर्ति प्रणाली के सुदृढ़ीकरण के कार्य हेतु सड़क मंडल सं. 2 के अधिकार क्षेत्र के तहत पी.एच. विंग द्वारा किये गये रोड कट का पुनर्स्थापन तथा टर्शरी ट्रीटिड वाटर की सप्लाई के लिये शेष बचे क्षेत्र में टी.टी. पानी की लाईनों की बिछाई। (सीएच.टू: अमृत 2.0) अनु. लागतः 111.83 लाख रुपये धरोहर राशि : 2,23,657/- रुपये समय सीमा : 06 माह	09.03.2026 से 16.03.2026 को दोप. 12.00 बजे तक	16.03.2026 को दोप. 12.00 बजे
3.	मनीमाजरा चंडीगढ़ में इंदिरा कॉलोनी में आंतरिक गली में पगडंडी का पुनर्निर्माण। अनु. लागतः 77.67 लाख रुपये धरोहर राशि : 1,55,331/- रुपये समय सीमा : 06 माह	09.03.2026 से 16.03.2026 को दोप. 12.00 बजे तक	16.03.2026 को दोप. 12.00 बजे

नोटः अन्य सभी शर्तें व नियम तथा संपूर्ण विभिनआसू को वेबसाईट https://etenders.chd.nic.in पर अपलोड किया गया है।

अधिशासी अभियंता
सड़क मंडल सं. 2, कमरा सं. 304, एम.सी. चंडीगढ़

ई-नीलामी विक्रय सूचना
सरफेसी अधिनिम 2002 के अंतर्गत

बैंक ऑफ़ इंडिया
रिश्तों की जमा पूंजी

आंचलिक कार्यालय
128/24 ओम लक्ष्मी टॉवर, एच ब्लाक, किदवई नगर, कानपुर-208011, दूरभाष : 0512-2985004

प्रतिभूति हित (प्रर्वतन) नियम, 2002 के नियम 6(2) एवं 9(1) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूति करण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रर्वतन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना आम लोगों को तथा विशेष रूप से ऋणी (यों), जमानतकर्ता (ओं) को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो बैंक के ऑफ इण्डिया के पास गिरवी/प्रभारित है, का भौतिक/सांकेतिक कब्जा बैंक ऑफ इण्डिया के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **"जहां है, जैसी है एवं जो कुछ भी है"** के आधार पर नियम 13(2) के अन्तर्गत मांग सूचना वर्णित बकाया राशि एवं उस पर ब्याज, खर्च एवं व्ययों की वसूली हेतु विक्रय की जायेगी। सम्पत्ति का विवरण नीचे दिया गया है, आरक्षित मूल्य एवं धरोहर धनराशि सभी सम्पत्तियों के आगे अंकित है।

क्र. सं.	ऋणी /जमानतदार का नाम, मांग नोटिस दिनांक व राशि एवं कब्जा दिनांक/कब्जे का प्रकार	बंधक रखी सम्पत्ति का विवरण एवं सम्पत्ति के बंधककर्ता का नाम/ऋणी	आरक्षित मूल्य (लाख में) / धरोहर राशि (लाख में) / बोली वृद्धि राशि
	पनकी शाखाः पताः– 573 बी ब्लॉक पनकी जिला–कानपुर पिन कोड–208020		
1.	**ऋणीः** श्री रणजीत कुमार पुत्र दिनेश कुमार सविता **मांग सूचना दिनांकः 20.09.2025** **राशिः रू. 21,32,822.02** + ब्याज एवं अन्य खर्चे **कब्जा दिनांकः 24.12.2025/सांकेतिक**	सभी संपत्ति का सामियक बंधक स्थित मकान संख्या ई–1/211, ईडब्लूएस, गिजांपुर भाग 1 रतनपुर पनकी, जिला कानपुर नगर **बंधककर्ता/मालिक का नामः** श्री रणजीत कुमार पुत्र दिनेश कुमार सविता **क्षेत्रफलः 30.00 वर्ग मीटर** **संपत्ति की चौहद्दीः पूर्वः** प्लॉट संख्या ई–1/210, **पश्चिमः** प्लॉट संख्या ई–1/212, **उत्तरः** 7.5 मीटर चौड़ी सड़क, **दक्षिणः** प्लॉट संख्या ई–1/256एफ	रू. 16.54 / रू. 1.65 / रू. 25,000/–
	अकबरपुर माती शाखाः औरैया रोड, अकबरपुर, कानपुर देहात		
2.	**ऋणीः** श्रीमती शिखा गुप्ता पत्नी यतेंद्र कुमार गुप्ता **जमानतकर्ताः** श्री यतेंद्र कुमार गुप्ता पुत्र राम शंकर गुप्ता **मांग सूचना दिनांकः 27.05.2025** **राशिः रू. 18,36,084.63** + ब्याज एवं अन्य खर्चे **कब्जा दिनांकः 29.08.2025/सांकेतिक**	सभी संपत्ति का सामियक बंधक स्थित मकान संख्या ई–1372, टाईप–EWS, स्कीम हाईवे सिटी एक्सटेंशन पार्ट–2 हाईवे सिटी विस्तार, कानपुर नगर, फेस–IV, कानपुर नगर **क्षेत्रफलः 30.00 वर्ग मीटर** **मालिकः** श्रीमती शिखा गुप्ता पत्नी यतेंद्र कुमार गुप्ता **परिसर की चौहद्दीः पूर्वः** प्लॉट संख्या ई–1371, **पश्चिमः** प्लॉट संख्या ई–1373, **उत्तरः** प्लॉट संख्या सी–1410ए, **दक्षिणः** 6 मीटर चौड़ी सड़क	रू. 13.21 / रू. 1.32 / रू. 25,000/–
	पुखराया शाखाः मुख्य रोड, पुलिस चौकी के पास, पुखराया, कानपुर देहात उ.प्र		
3.	**ऋणीः** मेसर्स माँ केला देवी कंस्ट्रक्शन **प्रोपराइटरः** सुश्री अलका सिंह पत्नी शंभू सिंह **मांग सूचना दिनांकः 17.11.2022** **राशिः रू. 15,28,777.92** + ब्याज एवं अन्य खर्चे **कब्जा दिनांकः 20.06.2024/सांकेतिक**	सभी संपत्ति का सामियक बंधक स्थित आराजी संख्या 50 व मौजा उमरिया तहसील भोगनीपुर कानपुर देहात **क्षेत्रफल 0.205 हेक्टेयर** **मालिकः** श्रीमती अलका सिंह पत्नी शंभू **परिसर की चौहद्दीः पूर्वः** इमरान का खेत, उसके बाद अन्य की भूमि, **पश्चिमः** रईस अहमद का खेत, उसके बाद **उत्तरः** जल्ला अहमद का खेत, उसके बाद **दक्षिणः** लिंक रोड परेहरापुर–सराय, उसके बाद अन्य भूमि	रू. 41.27 / रू. 4.12 / रू. 25,000/–

उपरोक्त सभी सम्पत्तियों हेतु धरोहर राशि जमा करने की अन्तिम तिथि 25.03.2026 शाम 04.00 बजे तक
उपरोक्त सभी सम्पत्तियों की ई–नीलामी दिनांक 25.03.2026 को समय प्रातः 11 बजे से शाम 5.00 बजे तक
(5 मिनिट अन्तराल के असीमित विस्तार के साथ)

विक्रय की नियम एवं शर्तेः– 1. यह ई–नीलामी **"जहां है, जैसी है" एवं "जो कुछ भी है"** के आधार पर हो रही है। 2. प्राधिकृत अधिकारी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास तक नीलामी की जा रही सम्पत्ति भार मुक्त है फिर भी इच्छुक निविदाकर्ता को चाहिए की ई–नीलामी में भाग लेने से पूर्व स्वतन्त्र रूप से सभी भार, टाईटिल क्लेम संबिधिक देयतायें (सीमा शुल्क एवं उत्पाद कर/आयकर एवं या अन्य कोई सरकारी एजेंसी) आदि की स्वयं जांच कर ले। सभी सम्भावित सभी वर्तमान एवं भविष्य के ज्ञात अथवा अज्ञात भारों के साथ बेची जा रही है। प्राधिकृत अधिकारी किसी भी प्रकार के दुर्घटना / अन्य पक्षकार के क्लेम अधिकार एवं देनदारियों के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा। 3. यह निविदाकर्ताओं का उत्तरदायित्व है कि ई–नीलामी में भाग लेने से पूर्व सम्पत्ति का निरीक्षण कर पूर्ण रूप से संतुष्ट हो लें। सम्पत्ति के निरीक्षण के लिये बैंक ऑफ इण्डिया की संबंधित शाखा से सम्पर्क कर सकते है। 4. इच्छुक निविदाकर्ता वेब पोर्टल **https://www.BAANKNET.com** पर रजिस्टर करके आपना यूजर आईडी एवं पासवर्ड निःशुल्क प्राप्त कर सकेंगे तथा इसी पोर्टल के माध्यम से ईएमडी जमा की जा सकती है। 5. वेब पोर्टल में पंजीकरण के पश्चात इच्छुक निविदाकर्ता निम्नलिखित दस्तावेजों को निविदा प्रस्तुत करने से पूर्व वेब पोर्टल में अपलोड कर ले। 1. पैन कार्ड की प्रति, 2. आईडी प्रूफ (केवाईसी) जैसे– स्वयं सत्यापित आधार कार्ड/वोटर आईडी कार्ड/ड्राईविंग लाईसेन्स / पासपोर्ट आदि। 6. ई–नीलामी प्रक्रिया में केवल वैध यूजर आईडी, पासवर्ड धारक निविदाकर्ता ही भाग ले सकेंगे। 7. केवल वही इच्छुक निविदाकर्ता जिन्होने ईएमडी भुगतान **दिनांक 25.03.2026** तक तय समय से कर दिया है, ही ई–नीलामी प्रक्रिया में भाग ले पायेंगे। 8. यदि सम्पत्ति का आरक्षित मूल्य रू 50 लाख तक है तो निविदाकर्ता निविदा की राशि रू. 25000/– के खण्ड में ही बढ़ा पायेंगे, इसी प्रकार यदि आरक्षित मूल्य रू. 50 लाख से अधिक है तो यह राशि रू. 50000/– होगी। 9. उच्चतम बोली लगाने वाले को प्राधिकृत अधिकारी की अनुमति से सफल बोलीकर्ता घोषित किया जायेगा। जिसकी जानकारी उसे इलेक्ट्रिक मेल द्वारा उनके ईमेल पते पर दी जायेगी। 10. प्राधिकृत अधिकारी उच्चतम बोली को भी स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं होगा तथा किसी भी बोली को स्वीकार / निरस्त करने का अधिकार प्राधिकृत अधिकारी को ही होगा। 11. सफल बोलीकर्ता की ईएमडी राशि **BAANKNET** वॉलेट में ही रहेगी तथा सभी असफल बोलीकर्ता की राशि **BAANKNET** से वापस ली जा सकेगी। ईएमडी राशि पर **BAANKNET** द्वारा कोई ब्याज देय नहीं होगा। 12. सफल बोलीकर्ता को विक्रय मूल्य (अर्थात अधिकतम बोली राशि) का 25 प्रतिशत (ईएमडी राशि सम्मिलित करके) तुरन्त जमा करना होगा। शेष बकाया राशि उसे 15 दिन या उसके अन्दर जमा करना होगा। सफल बोलीकर्ता द्वारा भुगतान में असफल रहने की स्थिति में उसके द्वारा जमा राशि बिना किसी पूर्व सूचना के जब्त कर ली जायेगी। 13. निविदाकर्ता को यह सलह दी जाती है कि निविदा प्रस्तुत करने के पूर्व विस्तृत नियम एवं शर्तों की जानकारी **https://www.bankofindia.co.in, https://www.BAANKNET.com** से प्राप्त कर ले। 14. यदि विक्रय मूल्य 50 लाख रुपये या उससे अधिक है तो आयकर अधिनियम 1961 की धारा 194–IA के अंतर्गत अधिकतम विक्रय मूल्य पर सफल बोलीदाता द्वारा टीडीएस कर देय होगा तथा सरकारी नियमों के अनुसार विक्रय मूल्य पर अतिरिक्त सीएसटी (जहां भी लागू हो) देय होगा। 15. इच्छुक निविदाकर्ता के पास बिड से संबंधित उचित संशयन होने चाहिए, इस संबंध मे कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जायेगी। 16. बोली आरक्षित मूल्य के ऊपर ही स्वीकार की जायेगी।

ऋणकर्ताओं/जमानतदारों/बंधककर्ता को 15 दिन की विक्रय सूचना

उपरोक्त वर्णित उधारकर्ता/जमानकर्ता/बंधककर्ता को धारा 13 (2) में वर्णित राशि नीलामी की तिथि के पूर्व भुगतान करने हेतु सूचना दी जाती है। राशि जमा करने में असफल रहने पर सम्पत्ति नीलाम कर दी जायेगी तथा शेष राशि मय ब्याज तथा लागत के साथ आपसे वसूल की जायेगी अथवा उधारकर्ता उपरोक्त दिनांक को बैंक द्वारा उनके खाते में देय राशि की वसूली हेतु आयोजित नीलामी में भी भाग ले सकते हैं।

दिनांकः **07.03.2026** स्थानः कानपुर प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इंडिया